Reg. No. | | | | | | | | | |

BCAHDL 154

Credit Based II Semester B.C.A. Degree Examination, September 2022
(2018 – 19 and Earlier Batches) (Repeaters)
HINDI LANGUAGE
(Group – I Paper – II)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. **एक** शब्द या वाक्य में उत्तर लिखिए। **(5×1=5)**

1) स्त्री का नाम क्या है ?
2) सेक्रेटरी का नाम क्या है ?
3) राधाकृष्ण की बेटी का नाम क्या है ?
4) राजनाथ कहाँ रहते थे ?
5) मोहन के दोस्त का नाम क्या है ?

II. किन्हीं **तीन** अवतरणों की सप्रसगं व्याख्या कीजिए। **(5×3=15)**

1) ''किसी व्यक्ति पर घृणा करना है तो उसका परिचय हमें पहले ही होना चाहिए।''
2) ''सामन्त विचारधारा अभी आपकी नहीं छूटी है। हर बात में आप मर्यादा और आदर्श डाल देते हैं।''
3) ''जानकी का युग इस देश में कभी नहीं मिटेगा। मैं जानकी हूँ। इस देश की कोई भी स्त्री जानकी है। जब तक हमारे भीतर जानकी का त्याग है, जानकी की क्षमा है, तब तक हम वही है।''
4) ''मैं तुम्हारा जीवन का स्वप्न हूँ। मैं तुम्हारा अतीत हूँ और अतीत का अनुभव।''

III. अ) 'वसत' एकांकी के स्त्री की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **10**

अथवा

'बहुत बड़ा सवाल' एकांकी का सार अपने शब्दों में लिखिए।

आ) 'रक्त चन्दन' एकांकी का सार लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **10**

अथवा

पठित एकांकी के आधार पर राजनाथ का चरित्र चित्रण कीजिए।

P.T.O.

IV. टिप्पणी लिखिए। **5**

1) गुल

अथवा

2) राजनाथ

V. 'दौड़' उपन्यास में ममताकालिया ने किस समस्या पर प्रकाश डाला है ? विवेचन कीजिए। **10**

अथवा

'दौड़' उपन्यास के आधार पर 'रेखा' का चरित्र चित्रण कीजिए।

VI. टिप्पणी लिखिए। **5**

1) राकेश

अथवा

2) स्टेला

VII. अ) रिजर्व बैंक में हिन्दी अधिकारी पद के लिए सुनिल कुमार के नाम से एक स्ववृत्त तैयार कीजिए। **5**

आ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए। **5**

प्राचीन काल में महाराज जनक विदेह में राज्य करते थे। मिथिला विदेह की राजधानी थी। मिथिला नगरी में राजमहल के आस-पास कोइ एक हजार सन्यासियों की पर्णकुटिया थी। मिथिला के सिंहासन पर बैठने पर भी महाराज जनक को फकीरों का शौक था। कहा जाता है कि महाराज जनक ज्ञानी थे। वह स्वयं परमात्मा के विनयशील सेवक थे। सुबह से श्याम तक सारे राज्य का प्रबंध करते, शत्रुओं का पता करते, अपराधी को दण्ड देते, लोक कल्याण का उपाय करते और इतना सब कुछ करने पर भी वे किसी सांसारिक कार्य में लिप्त नही होते थे।

1) विदेह की राजधानी कहाँ थी ?
2) राजमहल के आस पास किन लोगों की कुटिया थी ?
3) महाराज जनक को क्या शौक था ?
4) महाराज जनक किसके विनयशील सेवक थे ?
5) महाराज जनक राज्य चलाने के लिए क्या-क्या कार्य करते थे ?

VIII. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए। **(2×5=10)**

1) प्रयोजनमूलक हिन्दी
2) मीडिया और समाज
3) संचार भाषा और हिन्दी मीडिया।